an>

Title: Need to shun the move to close F.M. Radio stations in Bharuch Parliamentary Constituency in Gujarat.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा)भरूच:(नियम 377के माध्यम से मैं अपने संसदीय क्षेत्र भरूच में चल रहे आकाशवाणी के एफ.एम .स्टेशनों के बारे में सूचित करना चाहता हूँ। ये स्टेशन मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत नर्मदा जिले के डेडीयापाडा ,राजपीपला और भरूच जिले अंतर्गत के नेत्रग ,राजपारडी और झगडीया स्थानों पर कार्य कर रहे हैं। मेरी जानकारी में आया है कि केन्द्र सरकार इन एफ.एम .स्टेशनों को बंद करने जा रही है जिनसे मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अधिकांश आदिवासी लोगों को मनोरंजन की सुविधा से वंचित होना पड़ेगा जबकि इन क्षेत्रों में गरीबी के कारण एफ.एम. रेडियो स्टेशन मनोरंजन का मुख्य साधन है एवं जिससे यहां की जनता माननीय प्रधानमंत्री जी के मन की बात को सुनने से वंचित हो जाएगी एवं केन्द्रीय और राज्य की योजनाओं की जानकारी इस पिछड़े क्षेत्र के आदिवासियों को समय पर नहीं मिल पाएगी जो इनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहायता प्रदान करती है।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि उपरोक्त किसी भी एफ.एम .स्टेशन को बन्द न किया जाये।